तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 जनवरी 2024

13 एर्राबोर के आसपास के गांवों में बांटे खेल कूद...

13 सीधी भर्ती में स्थानीयों को मिले प्राथमिकता : महासंघ




## खबर संक्षेप

### राज्यस्तरीय तीन दिनी मानसगान स्पर्धा 12 से

**धनेलीकन्हार।** राज्यस्तरीय त्रिदिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 12 जनवरी को कलश यात्रा के साथ ग्राम तेलावट में प्रारंभ होगा। तीन दिनो तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में राज्य के ख्यातिप्राप्त मानस मंडलिया सम्मलित होंगी। आयोजन को लेकर अध्यक्ष सियाराम सलाम, राज जैन, नितेश सलाम, पारस टावरी, मनबहल सलाम, रतन साहु, पीलाराम तेता, रवि शंकर जैन, नम्मू खरे, मनोज जैन, श्याम सिंह मंडावी, नेपाल सलाम, अंकित टावरी, कोमल खरे, मुकेश साहु, हेमंत पाल, हर्ष चुरेंद्र, दिलेश्वर हिरवानी, पुरंदर सिन्हा, चन्द्रशेखर साहु, कुंबाज हिरवानी, टीकम साहु, काशी सलाम, गोविंद सलाम तैयारी में जुटे हुए है।

### 16 गांवों में आज पहुंचेगी विकसित भारत यात्रा

**कांकेर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 12 जनवरी को जिले के विभिन्न विकासखंड के 16 गांव में केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आईईसी वैन के माध्यम से दी जाएगी और हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 जनवरी को जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कलगांव एवं हिन्दुबिनापाल, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत डोंगरगांव एवं कुर्री, चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कानापोंड एवं चिनौरी, दुर्गूकोंदल के साधुमिचगांव एवं सुरूंगदोह, कांकेर विकासखण्ड के पटौद एवं बेवरती, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत विष्णुपुर, पानावार, नाहगीदा एवं द्वारिकापुरी तथा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत श्रीगुहान एवं उमरादाह में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर आयोजित की जाएगी।

### दो दिवसीय दुधावा मेला 14 जनवरी से

**दुधावा।** सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम दुधावा का दो दिवसीय वार्षिक मेला 14 जनवरी को होगा। यह मेला अंचल का बड़ा मेला है। इस मेले में 12 पाली के देवी देवता सम्मिलित होते हैं। मेले में कांकेर जिले के व्यापारी के अलावा दूसरे जिले की भी व्यापारी आते हैं। मेले के इस अवसर पर धर्मेश साहू कृत छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत/" बदरिया ग्राम शेर जिला महासमुंद छत्तीसगढ़ का कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी ग्राम विकास समिति दुधावा के पदाधिकारी ने दी।

### घायल युवक की हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत एड़ानार निवासी 20 वर्षीय मनोज कुमार हुपेण्डी पिता लखन हुपेण्डी का 22 दिसंबर को दोपहर ढाई बजें रायपुर के डीकेएस अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गया। मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसे उपचार के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया था। थाना गोलबाजार रायपुर में शुन्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी ताड़ोकी थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवचेना में लिया गया है।

### घायल ने अस्पताल में तोड़ा दम, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 34 निवासी 46 वर्षीय रंजत बाला पिता गयंत बाला का ईलाज के दौरान जिला अस्पताल कांकेर में ईलाज के दौरान 7 जनवरी को सुबह 10 बजें मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड ने चारामा थाना में अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। अधिक चोट लगने कि वजह से उसकी मौत हो गई। चारामा थाना में शुन्य पर मर्ग कायम किया गया है।

# भाजपा उपाध्यक्ष की हत्या मामले में कई संदेही गिरफ्त में, आज खुलासे की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष असीम राय की हत्या के मामले में पुलिस आज खुलासा कर सकती है। जाँच टीम में लगे अधिकारियों ने अभी तक अधिकृत बयान नहीं दिया है, परंतु पूछताछ के लिए लाए गए लोगों की मानें तो कई आरोपी धरे गए है, जिनसे पूछताछ जारी है।

जानकारी के अनुसार भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष असीम राय ने नगर पंचायत अध्यक्ष बप्पा गांगुली के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की पहल किया था, उसके बाद पखांजुर का राजनैतिक माहौल तनाव पूर्ण हो गया था। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष की 8 जनवरी की रात को लगभग 8 बजकर 10 मिनट के आसपास गोली मारकर हत्या होने की खबर आग की तरह पूरे प्रदेश में फैल गई। अगले दिन 9 जनवरी को वन विभाग के मंत्री केदार कश्यप, भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय, विधायक विक्रम उसेंडी व जिला के कई भाजपा नेता पखांजुर पहुँचे थे। पखांजुरवासी हत्या की खबर के बाद 8 जनवरी को रात को आक्रोश में आकर बप्पा गांगुली के निवास और विकास पाल के हॉटल पर तोड़फोड किया था। पखांजुरवासियों का कहना था कि यह नक्सल नहीं, राजनैतिक हत्या है। पुलिस ने पहले दिन एक फोटो वायरल किया, जो फोटो झूठ निकली और उसके बाद इस मामले की जाँच के लिए आईजी सुंदराज पी. ने एसआईटी का गठन कर दिया।

## थाने बुलाए गए लोगों की मानें तो पुलिस को कई अहम सबूत मिले

### फुटेज में शूटर की है झलक

पुलिस ने इस मामले में पूछताछ के लिए उन व्यक्तियों को भी थाना बुलाया था, जिनसे शूटर ने गोली मारने के पहले बात किया था, यह सीन एक सीसीटीवी फुटेज में मिला था। पुलिस ने इस दिशा पर काम करना प्रारंभ किया तो सबूत मिलना शुरू हो गए। पूछताछ में थाना गए युवकों की मानें तो आज मामले का खुलासा हो सकता है। इस मामले में संलिप्त लगभग एक दर्जन लोगों को थाना लाकर पूछताछ जारी है।


विशेष : घटना के दूसरे दिन सोमवार को पखांजूर व कापसी स्वस्फूर्त बंद रहा

नक्सल हत्या नहीं, रंजिश या राजनीतिक हत्या, पुलिस सबूत जुटाने में जुटी

### एसपी ने 8 तारीख से डाला है डेरा

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल 8 जनवरी की रात को 11 बजे पखांजुर पहुँच गए थे। पुलिस अधीक्षक उस दिन से पखांजुर पर डेरा डाले हुए है और एक-एक क्लू की कड़ी को जोड़ते रहे वहीं पूरी टीम की मानीटरिंग उसी दिन से कर रहे है। घटना को हुए 4 दिन बीत चुके है, परंतु उनका यहीं कहना है कि मामले का खुलासा जल्द होगा।

सियासत : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा- प्रदेश की 11 लोकसभा सीट जीतेंगे

# लोस प्रत्याशियों के चयन में जीत का मापदंड होगा पैमाना: भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

लोकसभा की तैयारी को लेकर लगातार रायपुर में हुई बैठक के उपरांत जगदलपुर जाते समय कांकेर कुछ समय के लिए रूके

- प्रदेशाध्यक्ष ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा- मोदी की गारंटी को पूरी की जा रही
- प्रत्येक विधानसभा में बेहतर कार्य करने वाले जमीनी कार्यकर्ता का सम्मान किया गया

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा कि जीत के मापदंड को ध्यान में रखकर लोकसभा का प्रत्याशी तय किया जाएगा। प्रदेश के 11 लोकसभा सीट पर भाजपा का परचम फहरना तय है, और इसी लक्ष्य को लेकर अभी से काम शुरू हो गया है।



भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के कांकेर पहुँचने पर भाजपा के पदाधिकारियों ने स्वागत किया और साहू समाज के लोगों ने मुलाकात कर अपनी बात रखी। हरिभूमि से बात करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के सभी संभाग में कार्यकर्ता अभिनंदन कार्यक्रम में प्रत्येक विधानसभा में बेहतर कार्य करने वाले जमीनी कार्यकर्ता का सम्मान किया गया है। इस कार्यक्रम में कार्यकर्ता का उत्साह देखने लायक था, कार्यकर्ताओं में उर्जा का संचार देखने को मिला। विधानसभा जिताने के लिए काम करने वाले यही कार्यकर्ता अब लोकसभा के लिए काम करेंगे और इनको अभी से जिम्मेदारी दे दी गई है। यह कार्यकर्ता मोदी सरकार की योजनाओं को गाँव गाँव तक पहुँचाने का काम कर रहे है। लोकसभा चुनाव की तैयारी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा के मार्गदर्शन में शुरू हो चुकी है और लगातार बैठकों का दौर जारी है। प्रत्येक विधानसभा के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक कल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुँचाने के काम में लगे हुए है। प्रदेशवासियों के लिए मोदी की गारंटी जो थी, उस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कैबिनेट बैठक लेकर निर्णय ले लिया है, जिसमें 3100 रूपएं में धान लेने का, 21 क्विंटल धान खरीदने का, 18 लाख पीएमआवास बनाने का कार्य शुरू हो चुका है वहीं दो साल की बोनस राशि किसानों के खाते में डाली जा चुकी है। किसानों के धान खरीदी की अंतर राशि जल्द एकमुश्त खाते में डाली जाएगी। महतारी वंदन योजना पर काम शुरू कर दिया गया है, जल्द माताओं के खाते में राशि आना शुरू हो जाएगा।

### कांग्रेस ने रोका था केंद्र की योजनाओं को

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को विगत पाँच वर्षो में कांग्रेस सरकार ने जनता तक नहीं पहुँचने दिया। गरीबों के लिए पक्के मकान बनाने की राशि केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को दिया, गरीबों के पक्के मकान नहीं बनने दिए। गरीबों के ईलाज के लिए 5 लाख रूपएं देने का प्रावधान मोदी सरकार ने किया, इस सरकार ने उसका नाम बदलकर अपनी योजना बताते रहे। कांग्रेस सरकार ने पाँच साल में झूठ का जो खेल खेला, जनता ने उनको सबक सिखाकर सत्ता से बाहर कर दिया।

### भाजपा जो कहती है, वो करती है

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वो करती है, उसे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कर दिखाया है। मोदी की गारंटी को एक माह के अंदर पूरा कर दिया है। इसीलिए कहा जाता है कि भाजपा जो कहती है, वो करती है वहीं कांग्रेस के बारे में यही स्लोगन है कि कांग्रेस जो कहती है, वो कभी नहीं करती है। प्रदेश की जनता कांग्रेस की कार्यशैली से पूरी तरह से वाकिफ हो चुकी है, इसीलिए सत्ता से बाहर कर दिया।

# बुजुर्ग दंपति की बत्ते से पिटाई, आरोपी युवक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर थानांतर्गत नरहरपुर के वार्ड क्रमांक 14 में बुजुर्ग पति-पत्नि को आरोपी युवक ने 8 जनवरी को दोपहर ढाई बजें मामूली बात को लेकर लकड़ी के बत्ते से मारपीट किया। मारपीट करने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

नरहरपुर वार्ड क्रमांक 14 निवासी 60 वर्षीय श्याम कुलदीप पिता ग्वाल कुलदीप ने 11 जनवरी को नरहरपुर थाना पहुंचकर पुलिस को बताया कि वार्ड क्रमांक 2 नरहरपुर निवासी पुलेंद्र पिता राजकुमार कोर्राम द्वारा गोबर गड्ढा की बात को लेकर मेरी पत्नी के साथ मारपीट किया है। मारपीट से पत्नी को चोट आया है व उसको ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी 35 वर्षीय पुलेंद्र कोर्राम ने 8 जनवरी को गोबर गड्ढा की बात को लेकर श्याम कुलदीप और उसकी पत्नी को सेंट्रिंग लकड़ी बत्ता से मारपीट किया है। मारपीट से दोनो को चोटे आई है, जिसका ईलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहरपुर में चल रहा है। आरोपी ने



पीड़ितो को धमकी भी दिया था। पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि आरोपी सदैव किसी न किसी बात को लेकर विवाद करता रहता है और 11 जनवरी को गोबर गड्ढा को लेकर विवाद कर दिया और मारपीट पर उतारू हो गया।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताय कि आरोपी पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाए। आरोपी पर कड़ी कार्यवाही नहीं किया गया तो आने वाले समय में फिर से विवाद कर सकता है। पुलिस का कहना है कि आरोपी व प्रार्थी दोनो पड़ोसी है और गोबर गड्ढा को लेकर विवाद हुआ है, पुलिस मामले की जाँच की जा रही है। प्रार्थी द्वारा मारपीट करने की शिकायत करने पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# परिचितों का हवाला देकर फोन पे की आड़ पर एक लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- 4 किस्तो में एक लाख रूपए ट्रांसफर कराकर की धोखाधड़ी

ठगो ने अजकल ठगी करने का नया तरीका अपनाया है, पहले तो अपने आप को परिचित बताते है और मुसीबत में होने की बात कहते हुए मदद के रूप में ऑनलाईन पैसा डालने की बात कहते है। जब तक सामने वाला कुछ समझ पाता है तब तक वह ठगी का शिकार हो चुका रहता है। ऐसा ही एक मामला कांकेर के अन्नपूर्णापारा



से सामने आया है।

कांकेर थानांतर्गत अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 57 वर्षीय बीरबल गढ़पाले पिता स्व. सुखदेव गढ़पाले ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाईल नंबर पर अज्ञात आरोपी मोबाईल नम्बर 9081625172 के धारक ने 5 नवंबर 2023 को सुबह 11 बजे कॉल कर अपने दोस्त को अस्पताल ▶▶| शेष पेज 12 पर

# सीएम से भाजपा नेता ने की भेंट अटल की मूर्ति लगाने पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक ठाकुर ने की मुलाकात

भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक ठाकुर ने प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात कर अटल चौक में प्रदेश के पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी की मूर्ति लगाने की बात रखी।

भाजपा के किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक ठाकुर ने कहा कि मैने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से अनुरोध किया है कि 25 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरूष जननायक छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भारत रत्न स्व. अटल बिहारी ▶▶| शेष पेज 12 पर

# कोरर चौक पर बढ़ा ट्रैफिक, सिग्नल कई सालों से बंद, वाहन चालक होते हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

चारामा नगर के कोरर चौक पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सदैव ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। कोरर चौक पर चारों दिशाओं से आने वाले वाहन के कारण सदैव दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। एक दिन छोड़ दूसरे दिन सड़क दुर्घटना इस स्थल पर होती रहती है। चौक पर लगा सिग्नल कई माह पहले क्षतिग्रस्त हो गया, जिसे आज तक सुधारा नहीं गया।

कोरर चौक से होकर भानुप्रतापपुर जाने का मुख्य मार्ग है। भानुप्रतापपुर से आने वाले भारी वाहन इसी मार्ग से होकर गुजरते है, वही भाटापारा जाने के लिए सीसी रोड से वार्डवासी कोरर चौक से ही



होकर जाते है। कोरर चौक के पास ही नगर पंचायत का कार्यालय हैं। इसी चौक से होकर तहसील कार्यालय ,जनपद पंचायत, बीएसएनएल आफिस के लिए आना जाना होता है। भानुप्रपतापुर मार्ग मे पीडब्लुडी, बीईओ, कृषि विभाग का कार्यालय है, जहाँ लोगो का आना जाना लगा रहता हैं। चौक में लगातर ट्रैफिक जाम की स्थिति को देखते हुए 5 साल से पहले नगरं पंचायत चारामा में टैफिक सिग्नल लाईट लगाई गई, यह सिग्नल एक साल भी नहीं टिक पाएं, जिसके बाद ठेकेदार के द्वारा आज तक सुधार नहीं किया गया। सिग्नल लाईट बंद होने से सदैव दुर्घटना होती रहती है। चौक के सामने नगर पंचायत का कार्यालय है और यहाँ पर जनप्रतनिधियों का भी आना जाना लगा रहता है। इस अव्यवस्था को सुधारने के लिए आज तक न अधिकारियों ने गंभरीता दिखाया और न ही जनप्रतिनिधियों ने गंभीरता दिखाई। नगरवासियों ने प्रशासन व जनप्रतनिधियों से नगर में तीन जगह कोरर चौक, दीनदयाल चौक और ▶▶| शेष पेज 12 पर

## छात्रों ने राज्यपाल के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

# हसदेव में पेड़ों की कटाई को लेकर छात्र उतरे सड़क पर, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- जंगल हसदेव नदी और उस पर बने मिनीमाता बांगो बांध का स्रोत है, सिंचाई की समस्या खड़ी होगी

हसदेव जंगल में कोल खनन के लिए पेड़ो की कटाई पर रोक लगाकर आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार की रक्षा करने की माँग को लेकर पीएमटी छात्रावास के छात्रों ने पीजी कॉलेज से पुराना नाका तक पैदल मार्च किया और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

पीएमटी छात्रावास के छात्रों का कहना है कि हसदेव अरण्य मध्य भारत का समृद्ध जंगल है, जो जैव विविधता से परिपूर्ण है और कई विलुप्त वनस्पति और जीव जन्तुओं का रहवास है। यह जंगल हसदेव नदी और उस पर



बने मिनीमाता बांगो बांध का स्रोत है, जिससे रायगढ़ कोरबा और बिलासपुर जिले के किसानो की जमीन सिंचित होती है। हसदेव के जल जंगल जमीन पर वहाँ के आदिवासियों की कई पीढ़ियो से आजीविका होती है और उनकी आज भी जंगल पर निर्भरता है। हसदेव अरण्य क्षेत्र पाँचवी अनुसूची क्षेत्र के अंतर्गत आता है, वहां के ग्राम सभाओं ने पिछले एक दशक से कोयला खनन परियोजना का विरोध किया है। ग्राम सभाओं के विरोध के बावजूद आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन को कोयला खनन परियोजना के लिए गैर कानूनी रूप से पेड़ों की कटवाई की जा रही है। हसदेव के जंगल हाथियों का ईलाका है यदि खनन परियोजना के लिए पेड़ो की कटाई अधिक होगी, तो आवासीय क्षेत्र में हाथियों का घुसना बढ़ जाएगा, जिससे हाथी मानव द्वंद अधिक होगा। आज वर्तमान समय में जंगल होने के बावजूद हाथी मानव संघर्ष हो रहे है यह खबर लगातार आती रहती है। कोयला खनन के लिए पेड़ों की कटाई के पक्ष में हमारे स्थानीय आदिवासी समाज नहीं है, क्योकि इससे आदिवासी समुदाय का बड़े पैमाने पर विस्थापन होगा। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार जुर्री, गुमाल सलाम, रवि मरकाम, रूपजी सलाम, उमेश गावड़े, अरुण वट्टी, मनसू आचला, सुशील मंडावी, किरण नेताम, ममता नेताम उपस्थित रहे।

हरिभूमि पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### फंदे पर लटकी मिली युवक की लाश

**धमतरी।** कौहा पेड़ पर एक अज्ञात युवक की लाश फांसी पर लटकी मिलने से आसपास सनसनी फैल गई है। पुलिस के अनुसार बुधवार की सुबह लोगों ने ग्राम बागतराई मार्ग पर ओव्हरब्रिज के पास खेत स्थित कौहा पेड़ पर एक युवक की लाश फांसी के फंदे पर लटकी देखी। घटना की सूचना अर्जुनी पुलिस थाने को दी गई। घटनास्थल सोरिदभाट के पास होने के कारण सिटी कोतवाली को जानकारी दी गई। कोतवाली पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची। जहां बाईपास ओव्हरब्रिज के आगे बागतराई मार्ग पर एक खेत के बाद मेड़ में लगे कौहा पेड़ में शर्ट के फंदे पर एक युवक की लाश लटक रही थी। शव को फंदे से नीचे उतारकर पुलिस शिनाख्ति के प्रयास में जुट गई। मृतक लाल व काले रंग के धब्बेदार टी शर्ट व काले रंग का रेडिमेड पेंट पहना हुआ है। मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष है। काफी प्रयास के बाद मौके पर मृतक की शिनाख्ति नहीं हो पाई। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी में शिफ्ट कर दिया है। मृतक की पहचान होने व परिजनों के पहुंचने के बाद ही पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। घटनास्थल को पुरूर थाना क्षेत्र माना जा रहा है।

### प्रशिक्षक चयन के लिए वॉक इन इंटरव्यू 13 को

**धमतरी।** खेलो इंडिया योजनान्तर्गत धमतरी जिले में कुश्ती खेल का खेल इडिया लघु केन्द्र शुरू किया गया है। खेल अधिकारी ने बताया कि इसके लिये अस्थायी रूप से एक कुश्ती प्रशिक्षक की जरूरत है, जिन्हें शासन के निर्देशानुसार एकमुश्त मासिक मानदेय 25 हजार रूपये, अधिकतम तीन लाख रूपये वार्षिक प्रदान किया जायेगा। योग्य प्रशिक्षक की नियुक्ति के लिये वॉक इन इंटरव्यू 13 फरवरी को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक कार्यालय, खेल एवं युवा कल्याण, रूद्री में आयोजित किया जायेगा। आवेदन का प्रारूप वेबसाईट धमतरी डाट जीओवी डाट इन में उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर इच्छुक अभ्यर्थी 29 जनवरी तक कार्यालयीन समय में आवेदन रजिस्टर्ड डाक से अथवा सीधे जमा कर सकते हैं।

### कोलियारी में 15 से सत्संग

**अंवरी।** सद्गुरु कबीर विराजमान मुटाना आश्रम कोलियारी में दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन 15 एवं 16 जनवरी को किया गया है। इसकी तैयारी में संत मुक्तिशरण शास्त्री कबीर मुटाना आश्रम एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### मोंगरा में मड़ई 19 को

**कुरुद।** ग्रामवासियों व युवा समिति द्वारा ग्राम मोंगरा में मड़ई मेला का आयोजन 19 जनवारी को किया जा रहा है। रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए राग अनुराग लोक कलामंच दुर्ग छत्तीसगढ़ का कार्यक्रम होगा।

### परसुली, बनरौद, छुही में होगा गायत्री महायज्ञ

**धमतरी।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 12 से 14 जनवरी से परसुली में, 13 से 15 जनवरी तक बनरौद, 20 से 22 जनवरी तक छुही में गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस मंगल कलशयात्रा निकाली जाएगी। द्वितीय दिवस गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण एवं दीप महायज्ञ का आयोजन होगा। अंतिम दिवस महायज्ञ, समस्त संस्कार, पूर्णाहुति, ऋषि पुत्रों की विदाई होगी। आदर्श विवाह के दम्पति को प्रोत्साहन राशि एवं सामग्री प्रदान की जायेगी। इसके लिए पंजीयन आवश्यक है।

### छाती में कबीर सत्संग समारोह आज

**पुरी।** ग्राम छाती में ज्ञान यज्ञ कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 12 एवं 13 जनवरी को किया जा रहा है। सद्गुरु कबीर साहेब के आदर्शों एवं उनके अमूल्य विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संत स्वरुप साहेब मीर नगर बाराबंकी उत्तरप्रदेश आयेंगे। इनके अलावा संत सगेन्द्र साहेब गोबरा नयापारा, पवन साहेब दर्रा एवं अनुकरण साहेब कबीर आश्रम सेनचुआ का भी आगमन होगा। भजन एवं प्रवर्धन 12 जनवरी को सुबह 10 से 1 बजे तक, दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक, 13 जनवरी शनिवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक होगा।

# कलेक्टर ने ग्रामवार जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा की, कार्य में देरी न करें

## गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा गुरूवार को जिला कार्यालय सभा कक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आहुत की गयी। इस बैठक में कलेक्टर ने सभी ग्रामों में अपूर्ण जल जीवन मिशन के कार्यों पर ग्रामवार चर्चा करते हुए तीव्र गति से कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ऐसे निर्माण एजेंसी जिन्होंने कार्यादेश के पश्चात अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किये हैं, उनको कार्यों से हटाने एवं ऐसी निर्माण एजेंसियां जिन्होने कार्यों को रोक कर रखा है एवं लम्बे समय से कार्य के लिए निर्धारित अवधि के उपरांत भी कार्य पूर्ण नहीं किया है, उन पर शास्ति अधिरोपित कर उन्हें दण्डित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने क्रेडा द्वारा सोलर पम्प स्थापना वाले कार्यों को विशेष ध्यान देते हुए फरवरी तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। कुछ स्थानों पर विद्युत कनेक्शन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने पर कलेक्टर द्वारा विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता को 07 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण कराने को कहा। ऐसे ग्राम जहां कार्य अधिक शेष है उन पर विशेष ध्यान देते हुए सभी गांवों में परियोजना को फरवरी एवं मार्च तक पूर्ण कराते हुए शत प्रतिशत घरों में कार्यरत जल कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत कार्यों का प्रचार प्रसार कर लोगों को इसके प्रति जागरूक करने एवं निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।



**मौजूद रहे ये**

इस अवसर पर बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की ओर से कार्यपालन अभियंता एचएस मरकाम, सहायक अभियंता किशोर कोल्हे, विरेन्द्र पाण्डे सहित क्रेडा विभाग से उप अभियंता विपिन सिंह चौहान एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## तामीली नोटिस की पावती सुरक्षित रखने दिये निर्देश

# कलेक्टर कुणाल दुदावत ने किया विश्रामपुरी तहसील और जनपद कार्यालय का निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को विश्रामपुरी तहसील कार्यालय और जनपद पंचायत कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान तहसीलदार न्यायालय में लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण नियमानुसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रकरणों की नियमित सुनवाई के साथ ही नोटिस तामिली भी सुनिश्चित करवाएं तथा तामिल की गई नोटिस की पावती सुरक्षित रखें। उन्होंने इस दौरान प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को भुगतान किए जाने के लिए आरबीसी 6-4 के तहत लंबित आवेदनों की जानकारी तथा भुगतान व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने शासन द्वारा भुगतान किए गए दो वर्षों के विलंबित बोनस भुगतान से वंचित हितग्राहियों के संबंध में जानकारी ली और समितियों के माध्यम से आवेदकों के आवेदन यथाशीघ्र संग्रहित कर भुगतान के लिए आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इसके साथ ही आय, जाति तथा निवास प्रमाण पत्रें के लिए प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रगति की जानकारी भी ली। इसके साथ ही उन्होंने सभी वन अधिकार पत्रधारकों को ऋण पुस्तिका अनिवार्य तौर पर प्रदान करने के निर्देश दिए, जिससे उन्हें शासन की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने यहां पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया तथा ग्रामीणों से भी बातचीत करते हुए यहां प्रदान की जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने लोक सेवा केन्द्र का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध कराई जा रही सेवा दर की सूची स्पष्ट प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए।

- आय, जाति तथा निवास प्रमाण पत्रों की ली जानकारी

**जनपद कार्यालय पहुंचे कलेक्टर**

उन्होंने इसके साथ ही राजस्व वूसली के संबंध में भी जानकारी ली तथा गति बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील कार्यालय की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने इसके साथ ही जनपद पंचायत कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, अपर कलेक्टर चित्रकांत चालएँ ठाकुर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनिकेत साहू, नायब तहसीलदार एसके भोई, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीएल देवांगन उपस्थित रहे।

### राजा राम को मिला शीर्ष हिंदी सेवा सम्मान



**कोण्डागांव।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर मुंबई हिंदी पत्रकार संघ के तत्वावधान में मुंबई बांद्रा के उत्तर भारतीय भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में बस्तर छत्तीसगढ बस्तर कोंडागांव की वरिष्ठ साहित्यकार डॉ राजाराम त्रिपाठी को उनके दीर्घकालिक विशिष्ट साहित्य सेवा के लिए देश की पांच चुनिंदा हस्तियों प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा, भारत के अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ग्रेग पार्डो, राजेंद्र प्रताप सिंह चेयरमैन योगायतन ग्रुप, तथा वरिष्ठ पत्रकार कहानीकार डॉ. सुदर्शना द्विवेदी के साथ सम्मानित किया गया।

### कलेक्टर कुणाल दुदावत ने किया निर्माणाधीन सोनपुर खजरावंड मार्ग का निरीक्षण, कार्य बंद मिलने पर जताई नाराजगी

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को बड़े राजपुर विकासखण्ड के सोनपुर खजरावंड मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य को बंद रखने पर नाराजगी जाहिर करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनिकेत साहू सहित लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एआर मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुल्हाड़ी से हमले के आरोपी पिता-पुत्र को किया गिरफ्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अंतागढ़ थानांतर्गत लामकन्हार में जमीन बंटवारे की बात को लेकर आरोपी पिता ने अपने छोटे बेटे के साथ मिलकर बड़े बेटे के ऊपर कुल्हाड़ी से प्राणघाती हमला कर दिया था। हमले से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर जिला अस्पताल रिफर किया गया। शिकायत पर पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 जनवरी को प्रार्थी फगनाथ गावड़े पिता कावेराम गावड़े थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराया था कि 9 जनवरी कि रात करीबन 6-7 बजे रन्नूराम दुग्गा जब बाजार से अपने घर ग्राम लागकन्कार आ रहा था तब आरोपी लामकन्हार निवासी 72 वर्षीय जंगलू राम दुग्गा और 45 वर्षीय रत्लेसिंह दुग्गा के द्वारा पूर्व के जमीन बंटवारा को लेकर रन्नूराम दुग्गा से झगड़ा करने लगे और उसे धक्का देते हुए अपने घर के पास ले गए। रन्नूराम दुम्गा के पिता जंगलू राम दुग्गा और छोटे बेटे रत्तेसिंह दुग्गा के साथ मिलकर रन्नूराम दुग्गा को जान से मारने के नियत से उसके सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे चिखने चिल्लाने लगा। पुलिस ने दोनो आरोपी को 11 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# छात्राओं को दी गई महावारी स्वच्छता संबंधित जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

शासकीय हाई स्कूल गोलकुम्हड़ा और माध्यमिक विद्यालय रतेसरा के छात्राओं को समाज सेविका शिल्पा साहू द्वारा महावारी स्वच्छता संबंधित विभिन्न जानकारी फोटोग्राफ दिखाकर स्वास्थ्य जीवन शैली के बारे में छात्राओं को जागरूक किया जा रहा हैं। महावारी स्वच्छता संबंधित अंतर्गत महावारी के उम्र, शरीर एवं जीवन शैली में परिवर्तन, व्यवहार में बदलाव, शारीरिक एवं मानसिक रूप से बदलाव जैसे बदलाव आता है, इस स्थिति में जागरूक रहकर अपने आपको संयमित रहकर आगे बढ़ना है। आमतौर पर 12 और 14 साल की उम्र के बीच शुरू होता है, यह हर महीने होता है और आपके शरीर को गर्भावस्था के लिए तैयार करने में मदद करता है। संक्रमण, दुर्गंध और असुविधा से बचने के लिए आपको मासिक धर्म स्वच्छता के लिए अतिरिक्त देखभाल करने की आवश्यकता है। मासिक धर्म को गर्व की बात समझना और महिलाओं एवं लड़कियों को चुपचाप सहते रहने की स्थिति से बचाने में सहायता करना। मासिक धर्म केवल एक महिला से जुड़ा मामला नहीं है बल्कि यह एक सामाजिक और मानवाधिकार का मसला है। जागरूकता अभियान में माध्यमिक विद्यालय रतेसरा शिक्षक धर्मेंद्र कुमार साहू, हाई स्कूल गोलकुम्हड़ा के अर्चना साहू, प्रमोद यादव, शत्रुधन देवांगन, अल्का शुक्ला, रचना कुंजाम उपस्थित रहे।



# मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा : रंजना

- विकसित भारत संकल्प यात्रा शंकरदाह पहुंची
- पूर्व विधायक ने हितग्राहियों को सामग्री वितरित की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

अंचल में केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम शंकरदाह में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू थीं। उन्होंने गणमान्य जनों को शपथ दिलाकर हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया। अतिथि उद्बोधन में श्रीमती साहू ने कहा कि नए भारत का इतिहास स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश हित के लिए कार्य किए हैं। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य केंद्र की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करना है।

भोथली मंडल अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान देश के विकास की गाथा प्रदर्शित करेगा। हितग्राहियों में जन जागरूकता आएगी और सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री बीथिका विश्वास, शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू, अशोक कुमार साहू, ममता सिनहा, विश्राम साहू, पूरन साहू, अमृतलाल ध्रुव, नरेंद्र साहू सरपंच, सोहन साहू उप सरपंच, कलीबाई ध्रुव, प्रकाश पाटले, धरम, प्रदीप सिन्हा, श्यामा साहू, अमृता ध्रुव, ओमती साहू, आशा ध्रुव सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## नगरवासियों को योजनाओं की दी गई जानकारी

# न पं फरसगांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुरूवार को फरसगांव के नगर पंचायत कार्यालय के सामने जनपद स्कूल मैदान में शिविर आयोजित किया गया। सर्वप्रथम उपस्तिथ लोगों को विकसित भारत हेतु संकल्प दिलाया गया। इस शिविर में सभी विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर सम्बंधित अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा नगरवासियों को सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओ को बताया गया और पात्र हितग्राहियों को उनका लाभ दिलाया गया। नगरवासियों ने अपनी अपनी समस्याओं के लिए आवेदन दिया गया। इस शिविर में 500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 100 से अधिक आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया, तो कुछ आवेदन के लिए समय दिया गया है। जिसका निरीक्षण करके किया जाएगा। साथ ही बच्चों के द्वारा धरती कहे पुकार के साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान फरसगांव एसडीएम कावेरी मरकाम, तहसीलदार डॉ जयकुमार नाग, नायाब तहसीलदार निधि नेताम, नगर पंचायत सीएमओ अजय सिंह राजपूत, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रवीर सिंह बदेशा, तरुण साना, गणेश जायसवाल, शैल सेठिया सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी नगरवासी उपस्तिथ रहे।

## पेज 11 के शेष

### परिचितों का हवाला...

में भर्ती होना बताया और उसे रूपयो की आवश्यकता है, मैं आपके खाते में पैसा डाल रहा हूँ, कहकर अपने मोबाईल नम्बर 9424289856 व्हाट्सअप में फोन-पे से पैसा डालने के संबंध मे स्क्रीन शार्ट भेजकर फोन-पे के माध्यम से कुश शर्मा नामक व्यक्ति के फोन-पे नम्बर 7975363792 से कुल 4 किस्तो में 5 नवंबर को सुबह 11 बजे से 11.10 बजे के मध्य एक लाख रूपएं ट्रांसफर कराकर धोखाधड़ी किया है। पीड़ित के पास 5 नवंबर को 9081625172 से फोन आया और अपने आप को गौरखेड़े हूँ, करके बात किया। कहा कि मैं कुछ राशि डाल रहा हु, जिसे मेरे बताए गए नंबर पर डाल देना। 7975363792 कुश शर्मा के नाम से है, वह अस्पताल में है, उन्हे पैसो की आवश्यकता है। आरोपी ने कहा जो राशि भेज रहा हूँ, उसे उसके खाते में डाल देना। पीड़ित ने परिचित की आवाज सुनकर राशि फोन-पे के द्वारा डालते गया। सुबह जब पीड़ित गौरखेड़े से बात किया तो उनके द्वारा किसी भी प्रकार की राशि डालने एवं डलवाने से इंकार किया गया। तब उसे ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने यूनो से खाता को खोलकर देखने से पता चला कि जो राशि भेजी गई वह राशि खाते मे नही आई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 420 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सीएम से भाजपा नेता ...

वाजपेयी की जन्मजंयती प्रति वर्ष हम सब मनाते आ रहे है। एक विकसित छत्तीसगढ़ राज्य की संकल्पना का मूर्तरूप आज जो हमें प्राप्त हुआ है, यह हम सभी छत्तीसगढ़वासियों को उनकी दूरदर्शिता की एक बड़ी सौगात है। भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने हम सभी को न केवल छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात दी है, अपितु हमारे सर्व आदिवासी भाई बहनों के लिए अच्छे सतत विकास की चिंता करते हुए भारतीय राजनीति इतिहास में पहली बार देश में आदिम आति कल्याण विभाग जैसा एक अति महत्वपूर्ण विभाग भी बनाया और इसलिए प्रत्येक छत्तीसगढ़वासी उनके प्रति अगाध आस्था रखते हुए सदैव उनके प्रति कृतज्ञ है। छत्तीसगढ़वासियों की ओर से मेरा अनुरोध है कि भारतीय जनता पार्टी के पुरोधा पितृपुरूष भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के 25 दिसंबर को उनके 99 वें जन्मजयंती एवं सुशासन दिवस के अवसर पर आपके द्वारा राज्य के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में स्थापित अटल स्मृति चौक पर उनकी प्रतिमा स्थापना की घोषणा करने की माँग किया है।

### कोरर चौक पर बढ़ा...

आंवरी चौक में ट्रैफिक सिग्नल लगाने की माँग किया है। इन तीनों स्थानों पर सिग्नल नहीं होने से वाहन चालक मनमानी करते है और एक्सीडेंट का सदैव खतरा बना रहता है। रायपुर से जगदलपुर चलने वाली बसों की रफ्तार अधिक रहते है, जिससे बाईक चालकों में सदैव डर बना रहता है। पैदल चलने वाले भी सड़क को पार करने में डरते रहते है। इस अव्यवस्था को ठीक करने के लिए नगर में ट्रैफिक पुलिस भी नहीं है, कि इस अव्यवस्था को ठीक कर सके। नगरवासियों की यह भी माँग है कि तत्काल ट्रैफिक सिग्नल लाईट को दुरूस्त करवाया जाए एंव यहाँ पर टैफिक पुलिस तैनात किया जाए, जिससे दुर्घटना होने की संभावनाओं को रोका जा सके।

खबर संक्षेप

## ग्रामीणों को दी गई स्वच्छता की जानकारी



**बीजापुर।** केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने व लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत वंगापल्ली जनपद पंचायत भोपालपटनम में किया गया। हितग्राहियों ने कार्यक्रम के संबंध में खुशी जाहिर की और केन्द्र सरकार की योजनाओं की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों के लिए एक वरदान है। उसी प्रकार स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय बनाए गए हैं, जिन्हें स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। साथ ही हमें अपने-अपने घरों एवं आस-पास स्वच्छता का ख्याल रखना चाहिए ताकि बैक्टीरिया जनित रोगों से बचाव हो सके। यह जानकारी मिलने से ग्रामीण अब पहले की अपेक्षा साफ और स्वच्छ होने लगे हैं।

## निर्मल आंगनबाड़ी स्वच्छता से शिक्षा का अभियान



**दंतेवाड़ा।** किरंदुल एवं कुआकोण्डा परियोजना में 8 जनवरी को निर्मल आंगनबाड़ी स्वच्छता से शिक्षा की ओर अभियान शुभारंभ किया गया। ज्ञात हो कि आंकाक्षी भारत सहयोगी पिरामल फाउंडेशन छत्तीसगढ़ जो आकांक्षी जिला का प्रमुख विकास सहयोगी संस्था के रूप में जिला दंतेवाड़ा में कार्यरत है। जिसके माध्यम से जिले के 28 आंगनबाड़ी केन्द्रों में निर्मल आंगनबाड़ी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत आंगनबाड़ी परिसर की साफ-सफाई, सामानों को व्यवस्थित रखना, बच्चों की खेलने और पढ़ने की सामग्री को बच्चों की पहुंच में रचनात्मक तरीके से रखने पर जोर दिया गया। आज जिले के 2 परियोजना किरन्दुल एवं कुआकोण्डा से इस अभियान को पूरे जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में चलाने के लिए, केन्द्र को एक मॉडल रूप में प्रस्तुत करते हुए अभियान का लॉचिंग किया गया।

निधन

## एरिक्सन सोमाजी

**जगदलपुर।** मसीह समाज के आधार स्तंभ रहे स्व. एरिक्सन सोमाजी (83) का निधन आज दोपहर को हो गया। कल शांति नगर स्थित मसीह कब्रिस्तान में उनका अंतिम क्रियाकर्म किया जावेगा। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। वे कोसा सेंटर जगदलपुर से असिस्टेंट मैनेजर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वे अपने पीछे दो पुत्र, पुत्र वधू, दो बेटी, दामाद, नाती पोतो से भरापूरा परिवार छोड़ गए।



### मेडिकल कैम्प के साथ 228वीं वाहिनी ने किया सिविक प्रोग्राम

# एर्राबोर के आसपास के गांवों में बांटे खेल कूद व जरूरत के सामान व दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

ग्राम पंचायत एर्राबोर में सेवा दे रहे 228वीं वाहिनी के एफ कंपनी सीआरपीएफ के द्वारा आज सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। लतीफ कुमार साहू कमांडेंट 228वीं बटालियन के नेतृत्व में आयोजित इस प्रोग्राम में ग्राम कोंगडम एवं आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 400 ग्रामीण जनता, बड़े बुजुर्ग, महिला, बच्चे एवं युवाओं को विभिन्न उपयोगी एवं जरूरी सामानों का वितरण किया गया।

बच्चों के पढ़ाई हेतु शिक्षा सामाग्री, घर में खाना बनाने हेतु बर्तन, मनोरंजन हेतु खेल-कूद के सामान एवं महिला तथा पुरुषों के लिए कपड़े व अन्य घरेलु सामानों का वितरण किया गया। इस दौरान डॉ. संदीप वर्मा सिनियर मेडिकल अधिकारी द्वारा मेडिकल कैम्प लगाकर ग्रामीण जनता को स्वास्थ सुविधा एवं दवाईयों का वितरण किया गया। ग्रामीण जनता ने स्वास्थ सुविधाओं का लाभ लिया। सीआरपीएफ ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रुप से कमजोर ग्रामीण सदस्यों को सहयोग देने के लिए आवश्यक सामाग्री उपलब्ध कराना है।



यह कदम उन लोगों की मदद करने का प्रयास है, जो आर्थिक रूप से प्रभावित है। ग्रामीणों के मन से नक्सलियों का डर दूर करना तथा ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न विकासकारी योजनाओं से जोड़ना है। ग्रामीणों के बीच सुरक्षा का भाव उत्पन्न करना एवं केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचायी जा सके, साथ में ग्रामीणों एवं प्रशासन के बीच आपसी समन्वय स्थापित हो सके। कार्यक्रम में मनोज कुमार द्वितीय कमांडेंट, अजित कुमार सिंह उप कमांडेंट 228वीं वाहिनी एवं एफ कंपनी के कमाण्डर अमित कुमार सहायक कमांडेंट, निरीक्षक प्रमोद कुमार, निरीक्षक सुरज कुमार पाल तथा क्षेत्र के सचिव, सरपंच भी उपस्थित रहे।

### अरगट्टा में भी सीआरपीएफ ने किया प्रोग्राम

228वीं बटालियन के बी कंपनी द्वारा ग्राम अरगट्टा में भी सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। गांव के लोगों को सरकारी योजनाओं एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गयी। उक्त प्रोग्राम में पुरूषों को लुंगी, महिलाओं को साड़ी, बर्तन एंव घरेलु सामान के साथ, युवाओं को फुटबाल, वॉलीबाल टीम को खेल कूद का सामान, कृषकों का खाद साथ ही सोलर लालटेन, पानी फिल्टर, स्कूली बच्चों को स्कूल बैग नोटबुक, वाटर बोतल आदि वितरित किया गया। अजीत कुमार उप कमांडेंट 228वीं वाहिनी, एम. राजा सहायक कमांडेंट, कम्पनी कमाण्डर बीके निरीक्षक, प्रशांत भगवती थाना प्रभारी दोरनापाल एवं अरगट्टा गांव के लगभग 400 ग्रामीण मौजूद थे। इस कार्यक्रम में भी लोगों को स्वास्थ्य एवं भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के फायदों के विषय में अवगत कराते हुए भविष्य में इसी प्रकार की जरूरतों के साथ समन्वय व सहयोग देने की बात सीआरपीएफ के अधिकारियों द्वारा कही गई।

## संकल्प शिविर में पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर दिया जा रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गीदम ब्लॉक अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में संकल्प शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज ग्राम पंचायत समलूर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष अंति वेक, सदस्य राजेश कश्यप, सुदराम भास्कर, ओम सोनी एवं जनपद पंचायत सीईओ क्रांति ध्रुव उपस्थित रहे। जनपद अध्यक्ष अंति वेक ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हर एक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक पंचायत में संकल्प यात्रा शिविर आयोजित की जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ योजनाओं में पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर लाभ देना है। उन्होंने ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और सहकारी समिति के स्टाल का निरीक्षण कर अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभ देने के निर्देश दिए। संकल्प शिविर में योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, प्रधानमंत्री के मंशानुसार अंतिम व्यक्ति तक प्रचार-प्रसार कर जागरूक किया जा रहा है। संकल्प शिविरों में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और पंचायत पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। साथ ही एलईडी वैन के माध्यम से शासन की योजनाओं सम्बन्धी जानकारी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प सन्देश को ग्रामीणों ने ध्यानपूर्वक सुना। इस मौके पर संकल्प शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा जनसाधारण को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु स्टॉल भी लगाया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड प्रदाय, पीएम उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र भरवाया गया। वहीं इन योजनाओं से चयनित हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।




## राम मंदिर का आमंत्रण ठुकरा के कांग्रेस का सनातनी विरोधी चेहरा आया सामने : बारसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

भारतीय जनता पार्टी के सुकमा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने आज प्रेस विज्ञप्ति जारी करके राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के आमंत्रण को कांग्रेस के द्वारा ठुकराने पर कहां कि फिर एक बार कांग्रेस का सनातनी विरोधी चेहरा सबके सामने आ चुका है।



कांग्रेस पार्टी हमेशा से श्रीराम जी के अस्तित्व पर प्रश्न चिन्ह उठाते आई हैं। सिर्फ चुनाव के समय हिंदुओं का वोट लेने के लिए कांग्रेस के नेता राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी को मंदिर की याद आती है। राहुल गांधी वोट के लिए जनेऊ धारी ब्राह्मण बन जाते हैं। लेकिन जब सनातन के कार्य का उन्हें बुलावा आता है, तो वोट बैंक की ध्रुवीकरण की चिंता उन्हें सताने लगती है या यह कहे की सनातन धर्म में सोनिया गांधी का परिवार आस्था ही नहीं रखता। कांग्रेस के बड़े नेताओं को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया। परंतु उस निमंत्रण को ठुकराना कांग्रेस की बहुत बड़ी भूल है। ऐसी भी कांग्रेस उस इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी है, जिस गठबंधन की पार्टी समाजवादी पार्टी राम भक्तों पर गोली चलवा चुकी है और कांग्रेस के कई नेता राम मंदिर ना बने इस पर कोर्ट में वकील खड़े कर चुके हैं। श्रीराम मंदिर बनने का तारीख पूछ कर भारतीय जनता पार्टी पर सवाल पूछने वाली कांग्रेस अब जब तारीख सबके सामने हैं तो श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से भाग रही है। सबको पता है कि भारतीय जनता पार्टी मात्र एक पार्टी थी जो खुलकर अयोध्या में श्रीराम मंदिर के पक्ष में थी। क्योंकि श्रीराम ही भारतीय संस्कृति के आधार स्तंभ है। परंतु कांग्रेस पार्टी के ध्रुवीकरण के कारण कई वर्षों से श्रीराम मंदिर निर्माण का कार्य अटका पड़ा था। कांग्रेस शासन काल में तो कांग्रेस के नेताओं ने श्रीराम जानकी के निश्छल प्रेम का प्रतीक श्रीराम सेतु को तोड़ने का भी एफिडेविट दिया था और हमारे भगवान श्रीराम को काल्पनिक कहा था। इंडिया गठबंधन के कई नेता सनातन धर्म का अपमान करते रहे हैं और आज कांग्रेस पार्टी के नेता भी श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार करके यह साबित कर दिये कि इंडिया गठबंधन सनातन के अपमान के लिए बना है। आगामी लोकसभा चुनाव में श्रीराम जी को मानने वाला भारत का हर एक व्यक्ति कांग्रेस पार्टी को जरूर जवाब देगा।

## स्वास्थ्य केन्द्र की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने विकासखंड कुआकोण्डा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं धान खरीदी केंद्र के साथ ही पातररास के नन्हें परिन्दे विद्यालय परिसर का भी औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संबंधित कर्मचारियों को स्वास्थ्य केन्द्र की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में दवाई वितरण कक्ष का अवलोकन कर दवाइयों को व्यवस्थित रखने को कहा। साथ ही मरीजों की सुविधाओं के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं भी सतत एवं नियमित रूप से उपलब्ध रहे। इसके अलावा कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर उपार्जन केन्द्रों का अवलोकन किया। तत्पश्चात कलेक्टर पातररास स्थित नन्हें परिन्दे स्कूल पहुंच बच्चों से मुलाकात किए। उन्होंने बच्चों को अपने अध्ययन और परीक्षा परिणाम पर ध्यान देने और साफ-सफाई का विशेष रूप से ध्यान देने को कहा। संबंधित कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शौचालय में खास तौर पर पानी की पर्याप्त व्यवस्थाओं का ध्यान रखें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्व रंजन मौजूद रहे।



## छग पेंटर एवं मूर्तिकार संघ ने विधायक से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

छत्तीसगढ़ पेंटर एवं मूर्तिकार संघ जिला इकाई के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने नवनिर्वाचित विधायक चैतराम अटामी से आज मुलाकात की। इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सोना ने विधायक को उनकी कैनवास पेंटिंग बनाकर भेंट दी और पेंटर एवं मूर्तिकार संघ की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। संघ के संरक्षक रघु कौशल एवं सभी कलाकारों द्वारा विधायक से निवेदन किया गया कि शासन की कल्याणकारी योजना विश्वकर्मा योजना में सभी कलाकारों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, परंतु चित्रकार एवं पेंटर को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने इस योजना का लाभ चित्रकार एवं पेंटर को भी दिलवाने का अनुरोध किया। मूर्तिकार एवं पेंटर संघ के लिए जिला कार्यालय की मांग विधायक से की गई। संघ के संरक्षक रघु कौशल एवं जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सोना के नेतृत्व में सभी मूर्तिकार एवं पेंटरों ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार का कार्य स्थानीय चित्रकार, पेंटर, मूर्तिकार को दिया जाए, जिससे स्थानीय कलाकारों को काम मिल सके। इस पर विधायक ने अपनी सहमति देते हुए उनकी मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सुरेश नायक, जय प्रसाद नाग, संतोष कुमार, मोहन विश्वकर्मा, महादेव, सुकमन करताम, चंद्रशेखर, डूवेद्र कुमार, अशोक सेठिया, हरु मिस्त्री, लव कुमार, राजेश बघेल, राम ठाकुर, मुन्ना मरकाम, साजिद कुरेशी, पलक कुमार, उमेश कुमार, डी श्रीनिवास, अजीत कुजूर, गेंद सिंह, रामदेव, अरुण कुमार, गोलू, बजनू, सामनाथ सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

- संघ की तरफ से विधायक को उनकी कैनवास पेंटिंग की गई भेंट

## धूमधाम से मना वार्षिक उत्सव




**लोहंडीगुड़ा।** कैंब्रिज केरला मॉडल इंग्लिश मीडियम स्कूल धुरागांव में बुधवार को वार्षिक समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूनम बैज, मालती बैज, भागीरथी बघेल प्रिंसिपल गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल उसरीबेड़ा, अरावती कश्यप सरपंच उसरीबेड़ा, दीप्ति बघेल सरपंच धुरागांव एवं राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के संभाग अध्यक्ष जगमोहन सोनी, जिला अध्यक्ष एकांश राव और संस्था के सक्रिय सदस्य शंकर नाग व अरूण कुमार सरदार उपस्थित थे। इस वार्षिक समारोह में स्कूल के बच्चों ने बहुत ही सुंदर नृत्यों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में स्कूल में आयोजित किए गए खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथियों ने पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ उनके अभिभावक और बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## एबीईओ ने स्कूल व बालबाड़ी का किया औचक निरीक्षण



**बस्तर।** नगर पंचायत बस्तर में संचालित माध्यमिक व प्राथमिक शाला भाटीपारा, प्राथमिक शाला कोल्हियापारा व बालवाड़ी कोल्हियापारा का आज एबीईओ सुशील तिवारी ने औचक निरीक्षण किया। बच्चों से रूबरू होकर गुणवत्ता की जांच की गई। कक्षा 8वीं के बच्चों की विज्ञान विषय की क्लास भी अधिकारी ने ली। उनके द्वारा आंगनबाड़ी व बालवाड़ी कोल्हियापारा का अवलोकन भी किया गया। जहां प्रिंट रिच वातावरण व बैठक व्यवस्था का मुआयना किया। शालाओं में पदस्थ सभी शिक्षक अपने कार्य पर उपस्थित पाए गए। मध्यान्ह भोजन संचालित पाया गया। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित संकुल समन्वयक विष्णु यादव उपस्थित थे।

## योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने सार्थक प्रयास करें : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने दंतेवाड़ा विकासखंड के ग्राम मोलसनार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम का अवलोकन किया। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। विभागों के स्टाल में संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने सार्थक प्रयास करें। शासन की योजनाओं से कोई भी पात्र हितग्राही नहीं छूटना चाहिए। इस दिशा में मैदानी स्तर पर सकारात्मक पहल किया जाए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में किये जा रहे उपचार की जानकारी ली और सभी प्रकार के जांच करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्व रंजन, डिप्टी कलेक्टर एवं जनपद सीईओ डॉ.कल्पना ध्रुव सहित अन्य विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे।



## बाल विवाह को लेकर जिले में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**बीजापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत सामाजिक बुराई बाल विवाह को लेकर जिले में विधिक जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान संकल्प यात्रा शिविर में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और बाल विवाह नही कराने संबंधी अपील भी की जा रही है। बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई नहीं है अपितु कानूनन अपराध भी है। विवाह हेतु लड़के की उम्र 21 वर्ष तथा लड़की की उम्र 18 वर्ष निर्धारित है। देश में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर-वधु एवं वधु के माता पिता, सगे संबंधी, बाराती, यहां तक की विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। कोई भी व्यक्ति जो जानबूझ कर बाल विवाह कराने में अपना योगदान देकर कानून का उल्लंघन करता है, उसे 2 वर्ष के लिए कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो 1 लाख रुपए तक का हो सकता है।

## सीधी भर्ती में स्थानीयों को मिले प्राथमिकता : महासंघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

जिले में नियमित तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पदों पर सीधी भर्ती हेतु स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता दिए जाने एवं पूर्व में जारी विज्ञापन को निरस्त करने के संबंध में शिक्षित बेरोजगार युवा वर्ग एवं सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ ने विधायक चैतराम अटामी से मुलाकात कर उन्हें आज ज्ञापन सौंपा। प्रान्तीय प्रवक्ता सूरज सिंह ठाकुर ने विधायक चैतराम अटामी से कहा कि पूर्व में जारी विज्ञापन के भर्ती प्रक्रिया में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता नहीं दिया जाकर राज्य भर से आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसका परिणाम यह हुआ कि भर्ती में स्थानीय बेरोजगार युवा वर्ग उपेक्षित रहे। जिले में निकाली गई नियमित भर्ती में अन्य जिले के अभ्यर्थियों की नियुक्ति होगी, तो स्थानीय निवासी कहां जायेंगे। सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ दन्तेवाड़ा के जिला संयोजक सूरज सिंह ने कहा कि जिले में 10-11 साल से जिले में नियमित सीधी भर्ती नहीं निकली थी। किन्तु वर्तमान में जारी सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन में राज्य भर से आवेदन मंगाए जाने से स्थानीय शिक्षित युवा वर्ग एवं 10-12 साल से संविदा में कार्यरत कर्मचारी भर्ती प्रक्रिया से वंचित हो गये हैं।



यदि अन्य जिले के अभ्यर्थियों का चयन होता है, तो जिले के निवासियों को रोजगार नहीं मिल सकेगा। इस कारण स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता दिया जाना चाहिए। विधायक चैतराम अटामी ने आश्वासन दिलाया है कि इस संबंध में पूर्व में भी मुख्यमंत्री को अवगत करा दिया गया है, साथ ही जिला कलेक्टर से भी चर्चा की जावेगी।

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी
मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
डॉ. अभिषेक लॉज एम.एस. ऑर्थो (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. नरेश देवांगन एमबीबीएस, न्यूरो सर्जन (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ)
डॉ. गौरव त्रिपाठी कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. मुरारी वशानी डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
डॉ. यतीन देवांगन प्लास्टिक सर्जन
डॉ. उत्कर्ष नंदा एम.एस.सर्जन (जनरल सर्जन)
डॉ. एस.दास एमबीबीएस, एमडी (मैडीसिन विशेषज्ञ)
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ.आकाश अग्रवाल यूरोलॉजी

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### पीएम जनमन योजना की तैयारी पर हुई बैठक

**कांकेर।** विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री जनमन योजना लागू की गई है। जिले के नरहरपुर ब्लॉक के 13 गांवों में निवासरत 72 कमार परिवारों को शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने की कवायद जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। आगामी सोमवार 15 जनवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल कार्यक्रम से जुड़कर उक्त योजना पर सीधा संवाद करेंगे। कार्यक्रम की प्रारंभिक तैयारियों को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विभागीय योजनाओं का लाभ पिछड़ी जनजाति के शत-प्रतिशत लोगों को प्रदाय करने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए कहा। इसके अलावा वर्चुअल कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मैत्री संघ विद्या निकेतन में स्वास्थ्य परीक्षण

**जगदलपुर।** ग्रामीण चिकित्सा सहायक सविता देवांगन, स्टाफ नर्स प्रीति यादव, फार्मासिस्ट ग्रेड-2 निलय राय, ड्रेसर गेट-1 संजय गागरा, हीरामणि वार्ड आया, बबलू खान वाहन चालक मैत्री संघ विद्या निकेतन के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य परीक्षण में आए डॉक्टर एवं स्टाफ ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कार्यक्रम में प्राचार्य एवं स्टाफ ने सहयोग किया। प्राचार्य इंद्राणी नंदी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का आभार माना एवं भविष्य में भी स्वास्थ्य विभाग से सहयोग की अपेक्षा की।

## निधन

### दयाराम आचला

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पुड़ोमिचगांव निवासी



53 वर्ष शिक्षक दयाराम आचला का जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान निधन हो गया है, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। दयाराम आचला साधुमिचगांव के सरपंच कलिता आचला के पति थे। अंतिम संस्कार गृहग्राम पुड़ोमिचगांव में किया गया, जिसमें ग्रामीण, रिश्तेदार शामिल रहे।

# छग शिक्षक संघ ने कलेक्टर से की भेंट, समस्याओं का ज्ञापन सौंपकर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को जिले के नव पदस्थ कलेक्टर अभिजीत सिंह से सौजन्य भेंट कर स्वागत पत्र सौंपा साथ ही जिले के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपकर संवाद किया। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष टिकेश ठाकुर ने आगामी लोकसभा चुनाव में पचपन वर्ष से अधिक आयु , गंभीर रोग ग्रस्त जैसे केंसर , तपेदिक, हृदय रोग, शुगर आदि से पीड़ित तथा दिव्यांग शिक्षकों को जिले की भौगोलिक दुरूहता ,संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण , पैदल चलने में असमर्थ होने के कारण मतदान दल से मुक्त रखे जाने , सेवानिवृत्त एवम मृत शिक्षकों के स्वत्वो /परिलाभ के भुगतान की एक समयबद्ध नियतन तो ताकि परिजनों को कार्यालय के चक्कर लगाने से बचाया जा सके, जिले के सभी विकासखंडों में शिक्षक समस्या निवारण शिविर का आयोजन हो जिससे सभी शिक्षकों की सेवा पुस्तिका ,पास बुक की द्वितीय प्रति , पति पत्नी की संयुक्त फोटो , नामांकन , जन्मतिथि प्रमाणीकरण, अवकाश लेखा का संधारीकरण सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने संगठन की बातों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए संबंधित विभाग को निर्देशित करने हेतु आश्वस्त किया। उसके बाद संगठन जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन से भी मिला ,उन्हे इन बिंदुओं के अतिरिक्त अनेक मामलों से संज्ञानित कर उचित कदम उठाने का आग्रह किया जिसे उन्होंने तुरंत स्वीकार कर निर्देशित किया।

### विकासखंडों में शिक्षक समस्या निवारण शिविर का आयोजन हो



**धन्यवाद ज्ञापित**

संगठन ने कलेक्टर का त्वरित कार्यवाही के लिए धन्यवाद दिया। प्रतिनिधि मंडल में शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष टिकेश ठाकुर , प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र श्रीवास्तव , संभागीय उपाध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय , जिला सचिव पेशी राम कुंजाम , जिला कोषाध्यक्ष रामशरण जैन , जिला उपाध्यक्ष शिवसिंह भदौरिया , महिला मोर्चा प्रमुख श्रीमती दसरी जुर्री, जिला सहसचिव श्रीमती सुनीता वाल्मिकी, तहसील अध्यक्ष कांतेश्वरी तेता देवकरण भास्कर , ब्लाक अध्यक्ष जीवन नेताम ,जवाहर ठाकुर , श्रीमती ज्योति नेताम , नगर अध्यक्ष ब्रह्मानंद गजभिए ,सचिव श्री पम्मार , नव नियुक्त शिक्षक विकास मिश्रा के अनेक नए शिक्षक शामिल रहे।

## दिवस : अतिथियों के स्वागत में गीत और नृत्य की प्रस्तुति

# पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

- निरीक्षण टीम ने खदानों का किया निरीक्षण



मीवान स्टील्स लिमिटेड की दोडदे हाहालद्दी लौह अयस्क खदान में खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से आए हुए निरीक्षण दल के सदस्यों ने खदान का निरीक्षण किया। माइंस प्रबंधन द्वारा आए हुए अतिथियों का छत्तीसगढी परंपरा के अनुरूप स्वागत सत्कार किया गया।

आयोजन में दोडदे एवं हाहालद्दी ग्राम के विद्यालय के बच्चों ने बढ चढकर हिस्सा लिया और इस आयोजन की भव्यता में चार चांद लगा दिए। कार्यकम का शुभारंभ बच्चों द्वारा अतिथियों के स्वागत गीत व छत्तीसगढी लोकनृत्य के साथ किया गया। इसके अलावा बच्चों द्वारा पर्यावरण बचाने के महत्व को समझाने के लिए पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुति दी गई, जो कि निरीक्षण दल के सदस्यों को बहुत ही पसंद आया, जिसे निरीक्षण दल द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए चयन कर उन्हे पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त खदान के कर्मचारियों द्वारा पर्यावरण को बचाने के लिए नाट्य प्रस्तुति एवं संबोधन दिया गया। कार्यकम में निरीक्षण दल द्वारा खदान के कर्मचारियों को भी पोस्टर एवं स्लोगन के लिए पुरस्कृत किया गया।

निरीक्षण दल द्वारा पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में कमलेश कुमार सिंह, इन्द्रजीत सिंह, बी भरत कुमार रेड्डी, मजदूर समिति अध्यक्ष सूरज नेताम, ग्राम दोडदे हाहालद्दी के गायता रामदयाल तुलावी व खदान प्रबंधक सुभाष सिंह, खदान के कर्मचारी व कामगार मौजुद रहे। निरीक्षण दल के सदस्यों के द्वारा भी पर्यावरण संबंधी जानकारी देकर मौजूद लोगों का ज्ञानवर्धन एवं उत्साहवर्धन किया गया।

# सीओबी के प्रशिक्षण से हुए युवक-युवती आत्मनिर्भर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंतागढ़

28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ छग द्वारा सीओबी पादरगाँव और भाईया सालेभाट के अंतर्गत आने वाले गाँवों की 30 युवतियों का 01 महीने का सिलाई कोर्स व 36 युवाओं का 30 दिवसीय इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया गया।

28 वीं वाहिनी के कमांडेंटअरविंद कुमार ने बताया की ससीब अपने ध्येय वाक्य सेवा सुरक्षा व बंधुत्व का पालन करते हुए रावघाट रेलवे प्रोजेक्ट की सुरक्षा के साथ अपने कार्य क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए भारत सरकार व गृह मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुसार मानव संसाधन एवं विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के स्वरोजगारउन्मुखी प्रशिक्षण का आयोजन करती रहती है और वाहिनी द्वारा अंतागढ़ व आस पास के युवक व युवतियों को भिन्न भिन्न प्रकार के स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिए गए हैं, जिससे इन को रोजगार प्राप्त हो सके वे स्वावलंबी बन सकें । 36 युवाओं को इलेक्ट्रिशियन कोर्स का प्रमाण पत्र तथा उपकरण और 30 युवतियों को प्रमाण पत्र के साथ साथ निःशुल्क सिलाई मशीनें भी वितरित की गई।

इस अवसर 28 वीं वाहिनी ससीब अंतागढ़ उप कमांडेंट, अधीनस्थ अधिकारी और जवानों के अलावा प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अंतागढ़ का प्रशिक्षक दल, सिलाई प्रशिक्षिका, रुद्रा एडुकेशन एण्ड वेलफ़ेयर सोसाइटी भानुप्रतापपुर और प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से कुम्हानखार के लोग लाभान्वित

**कांकेर।** जिले के सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हानखार में जनपद सदस्य भुवनेश्वरी सलाम के आतिथ्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित हुई जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जनपद सदस्य भुवनेश्वरी सलाम ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा शासन की योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। कार्यक्रम के माध्यम से एक स्थान पर सरकार की मंशा के अनुरूप शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और छूटे हुए हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही है। इस कार्यक्रम से लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी और योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को पहुंचाया जा रहा है। हमारा देश हमारा राज्य और हमारा क्षेत्र विकसित भारत की ओर अग्रसर हो रहा है। कार्यक्रम में धरती कहे पुकार के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लघु नाटक की प्रस्तुति के साथ ग्रामीणों को रासायनिक खेती का प्रयोग न कर प्राकृतिक खेती को अपनाने की अपील की गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुखचंद शोरी, सरपंच सोहेंद्र कुंजाम, उप सरपंच सरिता नेताम, भाजपा कार्यकर्ता बलराम यादव, देवराम नेताम रामचंद्र पटेल, मुखलाल शोरी ,धर्मराज दार्रो, बिरबल मतलाम, मनु नेताम, पंचायत सचिव हीरा नेताम, रोजगार सहायक उत्तम नेताम, सुरेश भास्कर एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सिवनी में रोजगार गारंटी से तालाब का निर्माण प्रारंभ



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी में रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत तालाब निर्माण का कार्य प्रारंभ है। 2022-23 के अंतर्गत स्वीकृत तालाब निर्माण 7.82 लाख रूपए का तालाब निर्माण प्रगति पर चल रहा है। ग्राम पंचायत सिवनी के सरपंच उमेश्वरी मंडावी ने बताया है कि ग्राम पंचायत सिवनी के अंतर्गत तालाब निर्माण का कार्य प्रगति पर चल रहा है, जिसमें अब तक 4 लाख 15 हजार 410 रुपए का कार्य हो चुका है। प्रतिदिन 51 लोगों को रोजगार मिल रहा है, वहीं लोगों को प्रतिदिन 221 रूपए मजदूरी दिया जा रहा है। इस कार्य में ग्राम पंचायत के मजदूर काम कर रहे हैं। तालाब निर्माण में ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक सरपंच, उप सरपंच, वार्ड पंच, ग्राम पटेल, रामूराम मांडवी, बिहारी लाल सिंहा एवं अन्य ग्रामीण तालाब के निर्माण कार्य में देखरेख कर रहे हैं।

# सहायक संचालक ने सरसों फसल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



केन्द्रीय क्षेत्रीय बीज ग्राम योजनांतर्गत सहायक संचालक कृषि द्वारा विकासखण्ड कांकेर के ग्राम इच्छापुर के लाभान्वित कृषक रामदयाल कांगे, शिवचरण तेता, रमेश दुग्गा के खेतों में पहुंचकर सरसों फसल का निरीक्षण किया गया। इस योजनांतर्गत कृषकों को उच्चगुणवत्ता युक्त प्रमाणित बीज प्रति एक एकड़ के लिए अनाज फसल 50 प्रतिशत एवं दलहनी तथा तिलहनी फसलों के लिए 60 प्रतिशत अनुदान पर कृषक लघु, सीमांत, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं महिला कृषकों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित किए जाने के उद्देश्य से किसानों को फसलों की बुआई के लिए उसके क्षेत्र में ही उच्च गुणवत्ता वाले प्रमाणित बीज उपलब्ध कराया जा सके, जिससे कृषक स्वयं बीज के मामले में आत्मनिर्भर बन सके और खेती किसानी के समय किसानों को प्रमाणित बीज प्राप्त करने के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। उप संचालक कृषि ने बताया कि कृषकों की इन परेशानियों को देखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2014-15 में बीज ग्राम योजना प्रारंभ की गई और इसी कड़ी को ध्यान में रखते हुए जिले के समस्त विकासखण्डों में रबी सत्र के लिए पर्याप्त मात्रा में बीज भण्डारण कराया गया है, जिससे कृषक इस केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का लाभ ले सकें। निरीक्षण के दौरान किसान मित्र तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

# गणित मेला और वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों की प्रतिभा झलकी

**अंतागढ़।** विकासखंड अंतागढ़ के ग्राम भैसासुर में संकुल स्तरीय गणित मेला व वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संकुल अंतर्गत आने समस्त स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुत दी गई, उपस्थित बच्चों के साथ-साथ दर्शक भी झूमने लगे। जिला पंचायत सदस्य दिलीप बघेल ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास मे मददगार साबित होता है। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में ऐसे आयोजनों के साथ ही खेल क्रीड़ा प्रतियोगिता रखने विचार प्रकट किया। कार्यक्रम अधिकारी बीईओ संजय ठाकुर, एबीईओ प्रवीण चतुर्वेदी, बीआरसी केके नाम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा गणितीय संक्रियाओं को समझाने के प्रयास की सराहना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच चैनूराम नरेटी, विशेष अतिथि कुबेर चुरपाल, राधिका धनेनिया, रमेश रौतिया, कैलाश पोटाई, लोकेन्द्र बघेल, प्रफुल्ल बघेल, संकुल प्रचार्य रमेश मंडावी , शिक्षक नितेंद्र नेताम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मोनू कौशल और आभार प्रदर्शन सीएसी राकेश जैन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं स्टाफ का योगदान रहा। पूर्व में संकुल समन्वयक रहे स्व. बृजलाल उसेंडी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

# अंग्रेजी शराब बरामद कोचिए पर मामला दर्ज

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत कोदापाखा चौक के पास 10 जनवरी को शाम साढ़े 4 बजें पुलिस ने रेड कार्यवाही करते हुए बड़गांव थानांतर्गत ग्राम श्यामसिंह नरेटी पिता जैतराम को अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर से जानकारी मिली था



कि कोदापाखा चौक के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से अंग्रेजी शराब रखा हुआ है और बेचने के लिए ग्राहक की तालाश में है। मिली जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी श्यामसिंह नरेटी को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 16 नग पौवा अंग्रेजी और 2 बीयर बॉटल कुल 2 हजार 490 रूपएं की शराब को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# इंटर डिविज़न क्रिकेट स्पर्धा, माइंस की टीम रायपुर रवाना

**दुर्गुकोंदल।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोयल ग्रुप द्वारा आयोजित इंटर डिवीज़न क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन रायपुर स्थित एनएच गोयल वर्ड स्कूल के खेल मैदान में किया जा रहा है, जिसमें संस्थान के सभी डिवीजन की टीमें हिस्सा लेती हैं। इन्हीं में से बोरझरा डिवीजन से क्रिकेट में हिस्सा लेने के लिए बजरंग आयरन ओर माइंस से चार खिलाड़ियों को खान प्रबंधक डीएन मोहन्ता ने तिलक लगाकर एवं भारतीय परंपरा के अनुरूप पुष्प व नारियल फल प्रदान कर रवाना किया एवं साथ ही टूर्नामेंट कप को जीतने का आशीर्वाद भी खिलाड़ियों को दिया। इस दौरान खिलाड़ी किशन पिस्दा, चुरनलाल मंडावी, वैष्णव दास महंत



एवं दुर्गेश साहू के अलावा खदान के अन्य कर्मचारी व कामगारगण मौजूद रहे।

## बाबू साल्हेटोला में एनएसएस शिविर आयोजित

# रासेयो कैडेटों ने सांस्कृतिक रैली निकालकर गांव का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

राष्ट्रीय सेवा योजना शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर अन्तर्गत इकाई शा. उमावि लारगांव मरकाटोला द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बाबू साल्हेटोला में लगाया गया और सांस्कृतिक रैली का आयोजन किया गया।

आयोजित रैली में अनेकता में एकता की सांस्कृतिक विशेषताओं को बताते हुए बस्तर के अराध्य आंगा देवता, डांग डोली, रेला पाट, छत्तीसगढ़ की संस्कृति, शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण और राम-सीता सहित अयोध्या के राम मंदिर भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठान लोकार्पण का निमंत्रण प्रत्येक घर



अयोध्या से लाए अक्षत वितरण कर शिविरार्थियों ने हर घर भेंट मुलाकात करके मंगलमय कामना के साथ गांव का भ्रमण किया। कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार कोर्राम के नेतृत्व में सांस्कृतिक, सामाजिक व धार्मिक विशेषताओं को सम्मानित करने का हमारे युवा पीढ़ी के कंधे में समरस्ता का संस्कार हो इन्हीं भावनाओं को प्रदर्शित करने के लिए प्रायोजित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में पुनूराम प्रधान, बृजलाल साहु, रंजिता नुचार्य, बलदेव ठाकुर, पुष्पा मंडाव्री, निगम गजबिये, जंगलू शोरी, मन्नू रामटेके, घनश्याम पटेल, राधेलाल नरेटी, देवराज मण्डावी, बलराम नेताम, देवराज मंडाव्री, पतिराम कोडोप़ी, छतेश जैन, एकता ठाकुर, लक्की रामटेके, साहिल कोर्राम, जागृति कोर्राम, उत्तम नाग, राजीव शोरी, वैभव पटेल, विवेक पटेल, विकास कोर्राम, सौरभ एवं ग्रामीणों का योगदान रहा।

एजेन्सी देना है...

हरिभूमि समाचार पत्र कांकेर
जिला के अंतर्गत पंखाजूर, बांदे, संगम, गोडांहर, बारदा, छोटेबेटिया, मरोड़ा में एजेंसी देना है।

समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय, कांकेर
महुरबंध पारा ऊपर नीचे रोड, कांकेर
मो. 7000955574, 8817702271

हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9098324969



online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
07 मई से 20 मई 2024, 09 मई से 22 मई 2024, 11 मई से 24 मई 2024, 13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024, 17 मई से 30 मई 2024
राशिः-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करेंः-7354-411411